Downloaded from www.studiestoday.com

# पाठ -2

# संघवाद

***याद रखने योग्य बाते :-***

(1) संघीय व्यवस्था में दो या दो से अधिक प्रकार की सरकारे होती है। जो एक ही नागरिक समूह पर शासन करती है।

(2) संघीय व्यवस्था में प्रत्येक सरकार के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का स्पष्ट वर्णन संविधान में किया गया है।

(3) संविधान के मौलिक प्रावधानों को किसी एक स्तर की सरकार अकेले नही बदल सकती। ऐसे बदलाव दोनो स्तरों की सरकारों द्वारा ही होते है।

(4) अदालतों को संविधान और दोनो स्तर की सरकारों के अधिकारों की व्याख्या करने का अधिकार है।

(5) संघीय शासन व्यवस्था का कार्य-देश की एकता और सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा क्षेत्रीय विविध ताओ को पूरा सम्मान करना होता है।

(6) भारत में जम्मू-कश्मीर एक मात्र ऐसा राज्य है जिसका अपना संविधान है।

(7) भारत, बेल्जियम और स्पेन में राज्यों की तुलना में केन्द्र सरकार ज्यादा शक्तिशाली है।

(8) भारतीय संविधान में हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है।

(9) विषयों की वह सूची जिस पर केन्द्र सरकार कानून बनाती है। संघ सूची कहलाती है।

(10) संघ सूची में 97 विषय रखे गये है।

बहुविकल्पीय उत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1 : भारत में कितने प्रतिशत लोगों की मातृभाषा हिंदी है?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(क) 35 प्रतिशत (ख) 40 प्रतिशत

(ग) 42 प्रतिशत (घ) 48 प्रतिशत

प्रश्न 2 :- भारतीय संविधान द्वारा कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषाओं का दर्जा दिया गया है।

(क) 20 भाषाओं का (ख) 21 भाषाओं का

(ग) 22 भाषाओं का (घ) 23 भाषाओं का

प्रश्न 3 :- एक ऐसी सरकार जो एक से ज्यादा राजनीतिक पार्टियों द्वारा एक साथ मिलकर बनायी जाती हो, कहलाती है :-

(क) काम चलाऊ सरकार (ख) स्थायी सरकार

(ग) प्रगतिशील सरकार (घ) गठबंधन सरकार

प्रश्न 4 :- नगर निगम के प्रमुख को क्या कहते है?

(क) मेयर (ख) चैयरमेन (ग) सचिव (घ) प्रधान

प्रश्न 5 :- भारत के किस राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त है?

(क) उत्तर-प्रदेश (ख) जम्मू कश्मीर (ग) कर्नाटक (घ) आन्ध्र प्रदेश

प्रश्न 6 :- केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच में होने वाले विवादों का निपटारा कौन करता है?

(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपति (ग) न्यायपालिका (घ) राज्यपाल

प्रश्न 7 :- स्थानीय शासन वाली संस्थाऐं जो शहरों में काम करती हैं, कहलाती है।

(क) नगरपालिका और नगर निगम

(ख) जिला पंचायत

(ग) विधान परिषद्

(घ) ग्राम पंचायत

प्रश्न 8 :- निम्न में से कौन सा विषय केन्द्र सूची में शामिल नही है?

(क) रेलवे (ख) मुद्रा

(ग) कानून व सुरक्षा (घ) बैकिंग

प्रश्न 9 :- केन्द्र और राज्यों के बीच सत्ता का बँटवारा कितनी सूचियों में किया गया है?

(क) 3 (ख) 4(ग) 5 (घ)6

प्रश्न 10 :- राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को कब लागू किया गया था?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(क) 12 मई 1950 (ख) 1 नवम्बर 1956

(ग) 26 जनवरी 1950 (घ) 15 अगस्त 1947

लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1 :- संघीय व्यवस्था की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 2 :- सरकार का एकल रूप क्या होता है? तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 3 :- एकात्मक और संघात्मक सरकारों के बीच चार विभेद स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 4 :- केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच विधायी शक्तियों के तीन स्तरीय विभाजन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 5 :- भारत में संघीय शासन व्यवस्था किस प्रकार राज्यों के निर्माण में सफल रही? तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 6 :- भारत की भाषा नीति की कोई चार विशेषताएँ लिखिए?

प्रश्न 7 :- विकेन्द्रीकरण के क्या लाभ है? कोई तीन लाभ बताइए।

प्रश्न 8 :- 1992 के संविधान संशोधन द्वारा हमारे देश में सरकार के तीसरे स्तर को अधिक प्रभावशाली क्यों बनाया गया?

प्रश्न 9 :- भारत में पंचायती राज की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 10 :- केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों में आए बदलावो का वर्णन कीजिए

प्रश्न 11 :- पंचायतों की तीन परेशानियों का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 12 :- संघवाद की किन्ही तीन बुराइयों की व्याख्या कीजिए?

बहुविल्पीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. (ख) 40 प्रतिशत

2. (ग) 22 भाषाओं का

3. (घ) गठबन्धन सरकार

4. (क) मेयर

5. (ख) जम्मू कश्मीर

6. (ग) न्यायपालिका

7. (क) नगर पालिका और नगर निगम

8. (ग) कानून व सुरक्षा

9. (क) 3

10 (ख) 1 नवम्बर 1956

लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्रश्न 1 :- (1) सरकार एक से अधिक प्रकार की होती है।

(2) सत्ता का विभाजन होता है।

(3) प्रत्येक सरकार का अपना क्षेत्राधिकार निश्चित होता है।

(4) दोनों सरकारें एक ही नागरिक समूह पर शासन करती है।

प्रश्न 2 :-

(1) जब सरकार का स्तर एक होता है। इससे अलग उसकी उपइकाइयाँ होती है। जो उसके अधीन काम करती है।

(2) केन्द्र सरकार राज्य सरकार के लिए आदेश पारित कर सकती है।

(3) मुख्य शक्ति केन्द्रीय सरकार के पास ही होती है।

प्रश्न 3 :-

(1) संघात्मक सरकार में शक्तियों का विभाजन होता है।

(2) एकात्मक सरकार में राज्य सरकार केन्द्र सरकार के अधीन होती है।

(3) संघीय प्रणाली में राज्य सरकार के पास अपनी शक्तियां होती है तथा वह केन्द्र सरकार के प्रति जवाबदेह नही होती।

(4) संघीय प्रणाली में संविधान के मौलिक प्रावधान केन्द्रीय विधायिका द्वारा एक पक्षीय रूप में परिवर्तित नही किये जा सकते लेकिन एकात्मक व्यवस्था में ऐसा सम्भव है।

प्रश्न 4 :- तीन सूचियों में विभाजन किया गया है।

(1) संघ सूची - राष्ट्रीय महत्व के विषय

(2) राज्य सूची - स्थानीय महत्व के विषय

(3) समवर्ती सूची - साझे महत्व के विषय

प्रश्न 5 :-

(1) संघीय व्यवस्था भारत में राज्यों के गठन के संदर्भ में सफल रही।

(2) भाषायी आधार पर राज्यों का गठन सफल प्रयास रहा।

(3) कुछ राज्यों का गठन संस्कृति भूगोल तथा जातीय विभिन्नताओं की पहचान हेतु किया गया।

प्रश्न 6 :-

(1) संविधान में किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नही दिया गया है।

(2) संविधान में 22 भाषाओं का अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है।

(3) केन्द्र सरकार ने हिन्दी के साथ अंग्रेजी को राजकीय कामों में प्रयोग की अनुमति दे दी है।

(4) हिन्दी को बढ़ावा देने की केन्द्र सरकार की नीति है लेकिन दूसरे राज्यों पर हिन्दी को थोपा नही जा सकता है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्रश्न 7 :-

(1) विकेन्द्रीकरण का अर्थ है - सत्ता का बँटवारा

(2) विकेन्द्रीकरण से तानाशाही प्रवृत्ति की समाप्ति होती है।

(3) स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान हो जाता है।

(4) प्रजातन्त्रिक मूल्यों को शक्ति मिलती है।

प्रश्न 8 :-

(1) गाँव, प्रखण्ड तथा जिला स्तर पर स्थानीय सरकार का निर्माण

(2) स्थानीय लोगों को सत्ता में शामिल करके देश के विकास में सहायक बनाया गया।

(3) महिलाओं, अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था।

(4) स्थानीय स्तर पर समस्याओं का शीघ्र निपटारा।

प्रश्न 9 :-

(1) स्थानीय स्तर पर सरकारों का गठन

(2) समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निपटारा।

(3) समय तथा धन की बचत

(4) स्थानीय लोगों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास और जागरूकता

प्रश्न 10 :-

(1) राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा सरकारों का गठन

(2) गठबंधन सरकारों का आगमन जिससे केन्द्र सरकारें मनमानी नही कर सकती

(3) केन्द्र राज्यों के बीच तनाव में कमी

(4) केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों में सुधार

प्रश्न 11 :-

(1) जागरूकता का अभाव

(2) पंचायतों के चुनाव से

(3) गुटबन्दी की शुरूआत

(4) धन का अभाव

(5) अधिकारियों की मनमानी

प्रश्न 12 :-

(1) केन्द्रीय व्यवस्था का अधिक प्रभावशाली होना।

(2) संविधान संशोधन का अधिकार केवल केन्द्र को ही प्राप्त है।

(3) संसद को अधिक अधिकार प्राप्त है।

(4) धन का बँटवारा भेद-भाव पर आधारित नही होना चाहिए।

Downloaded from www.studiestoday.com